# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांकः **13319** /अका./का.प./**2014** रायपुर, दिनांक : **04/02/2014**

## विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की शुक्रवार, दिनांक 14 फरवरी, 2014 को अपरान्ह 3.00 बजे आयोजित बैठक की विषयसूची

01. **विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक, दिनांक 17.12.2013 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना। (पृ.क्र. 01 से 06 तक)**

    **<u>टीप</u>** : कार्यवृत्त की छायाप्रति संलग्न।

02. **विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक, दिनांक 17.12.2013 बैठक के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन सूचनार्थ पटल पर प्रस्तुत किया जाएगा।**

03. **विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 07.01.2014 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार करना। (पृ.क्र. 07 से 09 तक)**

    **<u>टीप</u>** : कार्यवृत्त की छायाप्रति संलग्न।

04. **छत्तीसगढ़ संवाद से कोरी उत्तर पुस्तिका मुद्रण कराने का देयक रू. 9,24,550.00 भुगतान की स्वीकृति पर विचार करना। (पृ.क्र. 10 )**

    **<u>टीप</u>** : कार्यालयीन टीप की छायाप्रति संलग्न।

05. **सत्र 2009—10 में मुद्रित कोरी उत्तर पुस्तिका मुद्रण की बचत राशि रू. 6,58,660.00 के भुगतान की स्वीकृति के संबंध में विचार करना। (पृ.क्र. 11 से 12 तक)**

    **<u>टीप</u>** : कार्यालयीन टीप की छायप्रति संलग्न ।

06. **विश्वविद्यालय स्थापना के 50वीं वर्षगांठ पर विश्वविद्यालय के कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारियों को प्रदाय किये जाने हेतु स्मृति चिन्ह के स्वरूप का निर्धारण के संबंध में विचार करना। (पृ.क्र. 13)**

    **<u>टीप</u>** : कार्यालयीन टीप की छायाप्रति संलग्न।

07. **वाहन चालकों को मोबाईल भत्ता प्रदाय करने के संबंध में राज्य शासन के आदेश क्रमांक 275/एफ—2013—02—00144/वित्त/नियम/चार रायपुर, दिनांक 17 जुलाई, 2013 को अंगीकृत करने के संबंध में विचार करना। (पृ.क्र. 14 से 16 तक)**

    **टीपः** कार्यालयीन टीप की छायप्रति संलग्न ।

08. **नोबल पुरस्कार विजेता, प्रो. रॉबर्ट ह्यूबर की यात्रा देयक एवं व्याख्यान हेतु स्वीकृत राशि रू. 208055=00 का सूचना ग्रहण करना।**

<u>टीप</u> : नोबल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर, Robert Huber (Max Plank Institute for Biochemistry, Martinsuied, Germany) पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में दिनांक 24 फरवरी, 2014 शाम से 27 फरवरी 2014 तक में आने की स्वीकृति प्रदान किया है। इस दौरान विश्वविद्यालय में उनका व्याख्यान, छात्र–छात्राओं तथा शिक्षकों के साथ चर्चा, व प्रयोगशाला भ्रमण प्रस्तावित है। इनका कुल यात्रा व्यय (Business Class Air Faire) रू. 3,76110=00 है। इस राशि का आधा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, रायपुर द्वारा वहन किया जायेगा, शेष आधी राशि रू. 188055 + रू. 20000 प्रोग्राम एवं व्यवस्था के लिए कुल रू. 208055 स्वीकृत किया गया है की सूचना ग्रहण करना।

09. **विश्वविद्यालय कैम्पस एरिया नेटवर्क के वार्षिक रख–रखाव हेतु मेसर्स Key Computers Nagpur को कार्यादेश जारी के संबंध में विचार करना।** **(पृ.क्र. 17)**

<u>टीप</u> : कार्यालयीन टीप की छायाप्रति संलग्न।

10. **भिलाई मैत्री महाविद्यालय, रिसाली सेक्टर, भिलाई, जिला–दुर्ग में प्राचार्य के पद के लिये चयन समिति की अनुशंसा, बंद लिफाफा के संबंध में विचार करना।**

<u>टीप</u> : प्राचार्य के पद के लिये चयन समिति की अनुशंसा, बंद लिफाफा पटल पर रखी जाएगी।

11. **अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण पर विचार करना।**

**कुलसचिव**

पृ. क्रमांकः **13320** /अका./का.प./**2014** रायपुर, दिनांक : **04/02/2014**

**प्रतिलिपि :–**

1. माननीय कुलाधिपति महोदय के सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. कार्यपरिषद के समस्त सदस्यों को।
3. जनसम्पर्क अधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
4. वित्त नियंत्रक/प्रभारी अंकेक्षण,
5. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**प्रभारी अधिकारी (अका.)**

# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/12977/अका./2013 रायपुर, दिनाँक 30/12/2013

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक मंगलवार, दिनांक 17.12.2013 को अपराह्न 3:00 बजे कुलपति कक्ष में संपन्न हुई । बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए–

| | | |
|---|---|---|
| 1. डॉ. एस.के. पाण्डेय, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. प्रो.एस.के. शर्मा | – | सदस्य |
| 3. प्रो. ए.के. गुप्ता | – | सदस्य |
| 4. प्रो. बी.के. शर्मा | – | सदस्य |
| 5. प्रो. मिताश्री मित्रा | – | सदस्य |
| 6. डॉ. दीपक कारकून | – | सदस्य |
| 7. डॉ. अरविंद गिरोलकर | – | सदस्य |
| 8. डॉ. अंजनी कुमार शुक्ला | – | सदस्य |
| 9. डॉ. एम.आई. मेमन | – | सदस्य |
| 10. श्री एस.के. चक्रवर्ती | – | सदस्य |
| 11. डॉ. जी.बी. गुप्ता | – | सदस्य |
| 12. श्री ललित सुरजन | – | सदस्य |
| 13. श्री के.के. चन्द्राकर, कुलसचिव | – | सचिव |

## कार्यवृत्त :

विषय कमांक : 1

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.10.2013 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

निर्णय : विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.10.2013 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गई।

विषय कमांक : 2

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.10.2013 बैठक के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन सूचनार्थ पटल पर प्रस्तुत किया जाएगा।

निर्णय : विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.10.2013 के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन निम्नलिखित निर्णय के साथ सूचना ग्रहण की गई :

1. कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 03.07.2010 में लिए गए निर्णयानुसार आफसेट प्रिंटिंग मशीन क्रय की कार्यवाही किया जावे।
2. बैठक दिनांक 07.08.2010 अध्यक्ष की अनुमति से विषय क्रमांक–4 में निर्णय लिया गया था कि विश्वविद्यालय में भी जल संवर्धन तथा वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए बजट से चार–पांच भवन चिन्हित कर ली जावे । तत्संबंध में निर्णय लिया गया है कि विश्वविद्यालय परिसर में

वॉटर हार्वेस्टिंग की दृष्टि से जो क्षेत्र पानी के भंडारण के लिए उपयुक्त है, उसका चयन करते हुए तालाब निर्माण किया जावे।

3. कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 26.02.2011 पूरकसूची विषय कमांक–7 में डिजिटल प्रिंटिंग मशीन क्रय किये जाने का निर्णय लिया गया था, जिस पर पुनः विचार किया गया कि यह मशीन गोपनीय विभाग के लिए ज्यादा उपयोगी नहीं है, अतएव इस पर कार्यवाही नहीं की गई। अतः निर्णय निरस्त किया जाता है।

विषय कमांक : 3

मुख्य परीक्षा 2014 के लिये परीक्षा केन्द्रों की सूची बी.एड./एम.एड./बी.पी.एड./एम.पी.एड. पाठ्यक्रम 2014 के लिये निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूची सेमेस्टर परीक्षा (स्नातकोत्तर) सत्र 2013–14 के लिए परीक्षा केन्द्रों की संशोधित सूची कार्यपरिषद् के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय : मुख्य परीक्षा 2014 के लिए परीक्षा केन्द्रों की सूची बी.एड./एम.एड./बी.पी.एड./एम.पी.एड. पाठ्यक्रम 2014 के लिए निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूची, सेमेस्टर परीक्षा (स्नातकोत्तर) सत्र 2013–14 के लिए परीक्षा केन्द्रों की संशोधित सूची की सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया।

विषय कमांक : 4

पुस्तक क्रय हेतु 25,03,304/– रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति पर विचार करना।

निर्णय : 12वीं पंचवर्षीय योजना में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त अनुदान राशि में से पुस्तक, शोध–पत्रिका क्रय हेतु रुपये 25,03,304.00 की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय कमांक : 5

NCNR प्रोजेक्ट हेतु रु. 20,000/– इम्प्रेस्ट राशि की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय : NCNR प्रोजेक्ट हेतु रुपये 20,000.00 (रुपये बीस हजार मात्र) इम्प्रेस्ट राशि की सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया।

विषय कमांक : 6

डॉ. बी.कामेश्वर राव, आचार्य, स्वामी विवेकानंद स्मृति तुलनात्मक धर्म, दर्शन एवं योग अध्ययनशाला के द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हेतु प्राप्त आवेदन दिनांक 05.09.2013 पर विचार करना।

निर्णय : डॉ. बी.कामेश्वर राव, आचार्य, स्वामी विवेकानंद स्मृति तुलनात्मक धर्म, दर्शन एवं योग अध्ययनशाला के द्वारा दिनांक 31.12.2013 से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हेतु प्राप्त आवेदन दिनांक 05.09.2013 के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 01.11.2013 को प्राप्त प्रपत्र 28 को स्वीकार करते हुए दिनांक 31.12.2013 से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय कमांक : 7

विश्वविद्यालय के 90 प्रतिशत प्रत्याशित पेंशन प्राप्त कर रहे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दिनांक 01.07.2013 से 80 प्रतिशत के स्थान पर पेंशन/परिवार पेंशन का 90 प्रतिशत महंगाई राहत की दर, छत्तीसगढ़ राज्य शासन के अनुरुप प्रदान करने के संबंध में विचार करना।

निर्णय : विश्वविद्यालय के 90 प्रतिशत प्रत्याशित पेंशन प्राप्त कर रहे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दिनांक 01.07.2013 से 80 प्रतिशत के स्थान पर पेंशन/परिवार पेंशन का 90 प्रतिशत महंगाई राहत दर छत्तीसगढ़ शासन के अनुरुप प्रदान करने हेतु अनुमोदन किया गया।

विषय कमांक : 8

पी–एच.डी. शोध–प्रबंधों की डिजिटाईजेशन कार्य के लिए राशि रुपये 8.00 लाख की सक्षम प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने पर विचार करना।

निर्णय : पी–एच.डी. शोध–प्रबंधों के डिजिटाईजेशन कार्य के लिए राशि रुपये 8.00 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

विषय कमांक : 9

भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सेन्ट्रल जोन के कुलपतियों की आयोजित बैठक दिनांक 04 एवं 05 दिसंबर, 2013 में कार्यपरिषद् की ओर से कुलपति द्वारा स्वीकृत अनुमानित व्यय राशि रुपये 10,60,000.00 (रुपए दस लाख साठ हजार मात्र) सूचनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय : भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सेंट्रल जोन के कुलपतियों की आयोजित बैठक दिनांक 4–5 दिसंबर, 2013 के लिए कार्यपरिषद् की ओर से कुलपति द्वारा स्वीकृत अनुमानित बजट राशि रुपये 10,60,000.00 (रुपए दस लाख साठ हजार मात्र) की सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया। विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त अनुदान/वित्तीय सहायता के उपरांत विश्वविद्यालय की ओर से जो व्यय होगा, उसकी स्वीकृति प्रदान की गई।

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य निर्णय :

1. विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 16.12.2013 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार करना।

निर्णय : विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 16.12.2013 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।

2. वार्षिक परीक्षा 2013–14 के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षा आवेदन फार्म मुद्रण कार्य का देयक राशि रु. 43,30,000.00 (रुपये तिरालीस लाख तीस हजार मात्र) के भुगतान की स्वीकृति पर विचार करना।

निर्णय : वार्षिक परीक्षा 2013–14 के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षा आवेदन फार्म मुद्रण कार्य का देयक राशि रुपए 43,30,000.00 (रुपए तिरालीस लाख तीस हजार मात्र) की स्वीकृति प्रदान की गई।

3. विश्वविद्यालय के शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को पारिश्रमिक तय सीमा राशि रुपये 30,000/– से मुक्त रखने पर विचार करना।

निर्णय : हिंदी, अंग्रेजी, पर्यावरण, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र विषय के साथ–साथ कम्प्युटर विषय में शिक्षकों की कमी है। अतः विशेष प्रकरण मान्य करते हुए उक्त विषयों के लिए प्रत्येक सत्र में प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक प्रश्नपत्रों के प्रश्नपत्र रचना एवं मूल्यांकन के पारिश्रमिक की गणना अलग–अलग करते हुए प्रत्येक के लिए अधिकतम पारिश्रमिक रुपए 35,000.00 (रुपए पैंतीस हजार) करने हेतु अनुमोदन किया गया। इसके साथ–साथ परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ~~पारिश्रमिक की अधिकतम सीमा में निर्णय करने हेतु कुलपति को अधिकृत करने संबंधी प्रस्ताव~~ समन्वय समिति में भेजी जावे।

4. स्नातक प्रथम वर्ष परीक्षा की आवेदन फार्म को ऑनलाईन के माध्यम से भराये जाने के संबंध में गेटवे पेमेंट हेतु Bill Desk से अनुबंध किये जाने की जानकारी सूचनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय : स्नातक प्रथम वर्ष परीक्षा की आवेदन फार्म को ऑनलाईन के माध्यम से भराये जाने हेतु Bill Desk से गेटवे पेमेंट के लिए अनुबंध किये जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि प्रथमतः अनुबंध 03 वर्ष के लिए किया जावे तथा कार्य संतोषजनक होने पर दोनों पक्षों की सहमति से एक–एक वर्ष वृद्धि करते हुए अधिकतम पांच वर्षों तक अनुबंध जारी रखा जावे।

5. Indian Institute of Public Administration, New Delhi (IIPA) एवं India International Centre, New Delhi (IIC) से संस्थागत सदस्यता के लिए आवेदन करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

6. कार्यपरिषद् के समक्ष डॉ. जीवन यदु 'राही', प्राध्यापक, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ द्वारा रचित कुलगीत के लिए इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ द्वारा बनाई गई धुन (Music) प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

7. कुलपति द्वारा सभी सदस्यों को अवगत कराया गया कि प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला द्वारा "नागार्जुन दर्शन" (Philosophy of Nagarjuna) विषय पर दिनांक 13–15 जनवरी, 2014 को राष्ट्रीय सेमीनार आयोजित है, जिसके मुख्य अतिथि, नोबल पुरस्कार से सम्मानित धर्मगुरु दलाई लामा होंगे। सेमीनार में Central University of Tibbaten Sarnath से रु. 3,00,000.00 (रुपए तीन लाख) एवं छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड से रुपए 4,00,000.00 (रुपए चार लाख) वित्तीय सहायता प्राप्त होगा। पूरे कार्यक्रम में अनुमानित व्यय रु. 9,00,000.00 (रुपए नौ लाख) होगा। स्वर्ण जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम

पर सभी सदस्यों द्वारा विचार व्यक्त किया गया कि नोबल पुरस्कार से सम्मानित धर्मगुरु दलाई लामा की उपस्थिति विश्वविद्यालय के छात्रों/शिक्षकों के साथ–साथ छत्तीसगढ़ के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि एवं गर्व का विषय है। कार्यपरिषद् के द्वारा सेमीनार के लिए अनुमानित व्यय राशि रुपए 9,00,000.00 (रुपए नौ लाख) का अनुमोदन किया गया।

8. International Accreditation Organization IAO के द्वारा जनवरी में प्रस्तावित दौरा की सूचना ग्रहण की गई।

9. कार्यपरिषद् के सदस्य सर्वश्री ललित सुरजन एवं डॉ.जी.बी. गुप्ता का कार्यकाल दिनांक 23.12. 2013 को समाप्त हो रहा है। कार्यपरिषद् के समस्त सदस्यों द्वारा कार्यपरिषद् सदस्य के रुप में उनके योगदान की सराहना की गई। दोनों सदस्यों की उपस्थिति में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये जिसमें उनका पूर्ण योगदान रहा। कार्यपरिषद् उनके कार्यपरिषद् सदस्य के रूप में मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता है एवं आशा करता है कि भविष्य में भी उनका इसी प्रकार सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा।

श्री ललित सुरजन द्वारा विचार व्यक्त किया गया कि पूरे तीन वर्षों के कार्यकाल में उनके द्वारा हमेशा विश्वविद्यालय के विकास एवं विश्वविद्यालय की पहचान बनाने में सतत प्रयास किया गया तथा इसी संदर्भ में उनके द्वारा दिए गए सुझावों को कार्यपरिषद् ने गंभीरता से लिया एवं यथासंभव कार्यवाही भी हुई है। वे इस विश्वविद्यालय के पहले बैच के छात्र रहे हैं तथा विश्वविद्यालय से उन्हें उपाधि भी मिली है, अतः वे कार्यपरिषद् के सदस्य नहीं भी रहेंगे तब भी विश्वविद्यालय के हित में विश्वविद्यालय के विकास के लिए हमेशा सहयोग देते रहेंगे तथा जब भी विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में औपचारिक एवं अनौपचारिक रुप से कोई निमंत्रण प्राप्त होता है तो वे अवश्य उपस्थित रहेंगे। इस संदर्भ में कुलपति द्वारा अपना विचार रखते हुए कहा गया कि विश्वविद्यालय का यह सौभाग्य है कि हमारे एलुमिनी, वरिष्ठ संपादक एवं संपादन में दीर्घकालीन अनुभव रखने वाले श्री ललित सुरजन के दीर्घ अनुभव का लाभ कार्यपरिषद् के सदस्य के रुप में लगातार मिलता रहा तथा उनका प्रत्येक स्वर विश्वविद्यालय की गरिमा को आगे बढ़ाने में योगदान दिया। विश्वविद्यालय परिवार की अपेक्षा है कि वे हमेशा हम से जुड़े रहें।

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् कार्यवाही संपन्न हुई ।

कुलपति
अध्यक्ष

कुलसचिव
सचिव

पृ. क्रमांक 12978/अका./का.प./2013 रायपुर, दिनांक : 30/12/2013

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. कार्यपरिषद के समस्त सदस्यों को,
3. जनसम्पर्क अधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
4. वित्त नियंत्रक/प्रभारी अंकेक्षण,
5. समस्त विभागीय अधिकारी,
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उपकुलसचिव (अका.)

# कुलपतियों की बैठक / सम्मेलन दिस 2013

व्यय विवरण :-

| | | |
|---|---|---|
| GBI page 72 | होटल बस्तर रायपुर [illegible] | रु. 91000-00 |
| ↓ | | 5000-00 |
| | श्रीजी प्रेमगंगवानी पुलिस बैंडपार्टी | 1730-00 |
| | — do. [illegible] भवन हेतु | 53624-00 |
| | प्रतीश सतपथी वाहन किराया | 9900-00 |
| | सुरेशराज — भोजन व्यवस्था (कला भवन) | 3360-00 |
| | अपोलो टेंट एंड लाइट प्रतिभागियों का ठहराव | 6600-00 |
| | पारस मेकर्स LCD Projector Sound System | 4980-00 |
| | इंडियन लाइट कुलपति निवास प्रकाश व्यवस्था | 6419-00 |
| | संजय तिवारी अन्य प्रतिभागी भुगतान | 1250-00 |
| | श्री पी रस्तोगी फ्लावर्स व्यवस्था | 27513-00 |
| GBI page 73 | अपोलो टेंट एंड लाइट पंडाल किराया | 17529-00 |
| | — do — कुलपति निवास पंडाल किराया | 19500-00 |
| ↓ | मुकुन्द रेडियो आडियो विडियो व्यवस्था | 145882-00 |
| | होटल सेलिब्रेशन आवासीय व्यवस्था | 54000-00 |
| | होटल मयूरा — do — | 161999-00 |
| | होटल सेलिब्रेशन भोजन व्यवस्था | 10770-00 |
| | सुरेश यादव - फोटोग्राफी प्रतिभागी | 14231-00 |
| | अरपणा प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स रायपुर | |
| | | रु. 635787-00 |
| GBI Page 09 | आलोक बॉयस क्रॉकरी | 122070 - |
| | | 757,857 |
| | | 757857 |

## कुलपतियों की बैठक/सम्मेलन दिस. 2013

आय विवरण:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| विजया बैंक | 4051/39 | 4/12/13 | 25000-00 |
| इलाहाबाद बैंक | 4051/06 | 30/11/13 | 25000-00 |
| सेंट्रल बैंक | 4063/75 | 27/11/13 | 25000-00 |
| केनरा बैंक | 4BK/149 | 2/12/13 | 25000-00 |
| ओरियन्टल बैंक | 4BK/148 | 29/11/13 | 50000-00 |
| अरविंद प्रकाशन नई दिल्ली | 4062/12 | 19/12/13 | 25000-00 |
| स्टेट बैंक विश्वविद्यालय खाते में जमा | | | 25000-00 |

रु. 200,000-00 सामान्य खाता

200000-00

AIU New Delhi 13/4/13 Dw.
7/2/14

# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)



क्र. 13087 /अका./वि.प.स्थायी समिति/2014 रायपुर, दिनांक: 09 / 01 /2014

विश्वविद्यालय विद्या–परिषद् की स्थायी समिति की बैठक सोमवार, दिनांक 07.01..2014 मध्यान्ह 2.30 बजे **कुलपति** कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. एस.के. पाण्डेय, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. ए.के. गुप्ता | – | सदस्य |
| 3. | प्रो. सी.एल. पटेल | – | सदस्य |
| 4 | प्रो. स्वर्णलता सर्राफ | – | सदस्य |
| 5. | प्रो. एम.डब्ल्यू.वाय. खान | – | सदस्य |
| 6. | प्रो. भगवंत सिंह | – | सदस्य |
| 7. | प्रो. सी.डी. अगासे | – | सदस्य |
| 8. | प्रो. ए.के. श्रीवास्तव | – | सदस्य |
| 9. | श्री के.के. चंद्राकर, कुलसचिव | – | सचिव |

विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की ओर से नवनियुक्त संकायाध्यक्षों, एवं सदस्य प्रो. एम.डब्ल्यू.वाय. खान, प्रो. भगवंत सिंह, प्रो. सी.डी. अगासे तथा प्रो. ए.के. श्रीवास्तव का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

**<u>बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिये गये</u> :–**

01. विद्या–परिषद् की स्थायी समिति की बैठक, दिनांक 16.12.2013 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

**निर्णय : सम्पुष्टि की गई ।**

**02. निरीक्षण समिति के प्रतिवेदन के आधार पर निम्नलिखित महाविद्यालयों को उनके नाम के सम्मुख दर्शित कक्षा/विषय, छात्र संख्या एवं सत्रानुसार अस्थायी सम्बद्धता दिये जाने के संबंध में विस्तृत टीप के साथ, सूची निम्नानुसार है –**

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र | निरीक्षण समिति द्वारा टीप | निर्णय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नवीन शासकीय महाविद्यालय, मगरलोड, जिला–धमतरी | **B.Com. -II** - Compulsory Subjects, Env.Sc. | 60 | 2013–14 | **निरीक्षण तिथि–31.12. 2013**<br>शर्तें –<br>1. महाविद्यालय के पास अपना भवन नहीं है। महाविद्यालय प्राथमिक शाला के भवन में संचालित हो रहा है।<br>2. छात्रों के लिए अध्ययन कक्ष की संख्या पर्याप्त नहीं है।<br>3. नियमित प्राध्यापक एवं सात सहायक प्राध्यापक कार्यरत हैं। | निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित बिंदुओं की पूर्ति एक वर्ष के अंदर करने के शर्त पर अस्थायी सम्बद्धता दिये जाने की अनुशंसा की गई। इस संबंध में संचालनालय उच्च शिक्षा को भी जानकारी दी जाए। |
| | | **B.A. -II** - Hindi, English, Env.Sc., Geography, History, Sociology | 60 | | | |
| | | **B.Sc. -II** - Hindi, English, Env.Sc., Chemistry, Botany, Zoology | 60 | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र | निरीक्षण समिति द्वारा टीप | निर्णय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4. ग्रंथालय में पुस्तकों को रखने की व्यवस्था नहीं है।<br>5. प्रयोगशाला की सुविधा नही हैं, उ.मा. शाला के प्रयोगशाला में प्रायोगिक कार्य किया जा रहा है।<br>6. शासन के द्वारा भूमि आबंटन किया गया है।<br>7. गत वर्ष का बजट आबंटन संलग्न है। | |

03. स्थायी सम्बद्धता प्रदान किये जाने हेतु संशोधित विनियम 129 में (6.1) विहित शुल्क के संबंध में विचार करना।

**निर्णय : स्थायी सम्बद्धता प्रदान किये जाने हेतु संशोधित विनियम 129 में (6.1) विहित शुल्क एवं निरीक्षण समिति के गठन के संबंध में समिति की निम्नानुसार की गई अनुशंसा, का अनुमोदन किया गया—**

**(1) [A] स्नातक स्तर पर प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु आधार पाठ्यक्रम के साथ प्रथम तीन मुख्य विषय के लिए रू. 15,000/— एवं प्रत्येक अतिरिक्त विषय हेतु रू. 10,000/—**

**[B] स्नातकोत्तर स्तर हेतु प्रत्येक विषय के लिए रू. 15,000/—**

**(2) तीन सदस्यी निरीक्षण समिति का गठन निम्नानुसार प्रस्तावित है —**

**(1) संकायाध्यक्ष — समन्वयक**

**(2) अध्यक्ष, अध्ययन मंडल — सदस्य**

**(3) विषय विशेषज्ञ — सदस्य**

04. एम.एस.सी. बायोसाइंस में स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने एवं विनियम क्रमांक 152 के अनुमोदन पर विचार करना।

**निर्णय : एम.एस.सी. बायोसाइंस में डॉ. एस.एम. अगरवाल के नाम से प्रस्तावित स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने एवं इस हेतु प्रस्तावित विनियम क्रमांक 152 का अनुमोदन किया गया।**

05. सत्र 2013—14 की वार्षिक संबद्धता हेतु महाविद्यालय की सूची :—

| क्रमांक | महाविद्यालय का नाम |
|---|---|
| 01 | नानकचंद रमेशचंद अग्रवाल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, खरोरा, जिला—रायपुर |
| 02 | दिशा कालेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, चन्दखुरी, विधानसभा रोड, रायपुर |

निर्णय : उपरोक्त महाविद्यालयों को सत्र 2013—14 के लिये वार्षिक अस्थायी संबद्धता आदेश प्रदान करने की अनुशंसा की जाती है।

(9)

## अध्यक्ष के अनुमति से अन्य प्रकरण

01. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय का पत्र क्र. 1055/49/आउशि/समन्वय/2013 दिनांक 03.12.2012 पर विचार करना।

**निर्णय : स्नातक पाठ्यक्रमों में एन.सी.सी. को अध्यापन हेतु आवश्यक शिक्षकों की व्यवस्था होने पर वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने हेतु उच्च शिक्षा विभाग को पत्र भेजी जावे।**

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यवाही सम्पन्न हुई।

**कुलपति**
अध्यक्ष

**कुलसचिव**
सचिव

पृ. क्र. 13088/अका./वि.प.स्थायी समिति/**2014** रायपुर, दिनांक: 09/**01/2014**

**प्रतिलिपि :-**

1. समस्त संकायाध्यक्षों को,
2. सहायक कुलसचिव, परीक्षा/उ.कु.स. गोपनीय
3. वित्त नियंत्रक/अंकेक्षण,
4. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित।

**उप कुलसचिव (अका.)**

# कार्यपरिषद में रखे जाने हेतु संक्षेपिका

**विषय :– छत्तीसगढ़ संवाद से कोरी उत्तर पुस्तिका मुद्रण कराने का देयक रू0 9,24,550.00 भुगतान स्वीकृति हेतु ।**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक दि0 14.09.12 के विषय क्र0 11 में हुए स्वीकृति अनुसार वर्ष 2012–13 के वार्षिक, पूरक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए पत्र क्र0 67/विकास/उ.पु./13 दिनांक 11.03.13 के द्वारा 01.50 लाख मुख्य एवं पत्र क्र0 68/विकास/उ.पु./13 दिनांक 11.03.13 के द्वारा 02.00 लाख पूरक उत्तर पुस्तिकाऐं मुद्रण करने हेतु छत्तीसगढ़ संवाद, रायपुर को आदेशित किया गया। उक्त आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय मुद्रणालय को उत्तर पुस्तिकाऐं प्राप्त होने के प्रमाणीकरण पश्चात् छत्तीसगढ़ संवाद रायपुर के देयक का भुगतान किया जाना है जिसका विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र0 | कार्य का विवरण | मुद्रण संख्या | दर | राशि | फर्म का नाम/देयक क्र. व दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | मुख्य उत्तर पुस्तिका | 1,50,000 नग | 02.91 प्र.नग (नंबरिंग चार्ज 0.06सहित) | 4,36,500.00 | छत्तीसगढ़ संवाद, छोटापारा, रायपुर देयक क्र0 225 दिनांक 07.09.13 |
| 02. | पूरक उत्तर पुस्तिका | 2,00,000 नग | 02.02 प्र.नग (नंबरिंग चार्ज 0.06सहित) | 4,04,000.00 | |
| 03. | योग | | | 8,40,500.00 | |
| 04. | छत्तीसगढ़ संवाद का चार्जेस @10% | | | 84,050.00 | |
| 05. | भुगतान योग्य कुल राशि रू. | | | 9,24,550.00 | |

छत्तीसगढ़ संवाद, रायपुर द्वारा उत्तर पुस्तिका मुद्रण का देयक क्र0 225 दि0 07.09.2013 के द्वारा रू0 9,24,550.00 (अक्षरी रू0 नौ लाख चौबीस हजार पांच सौ पचपन मात्र) भुगतान करने के लिए प्रस्तुत किया गया है ।

अतः सत्र 2012 – 13 की परीक्षाओं के लिए उत्तर – पुस्तिका मुद्रण की राशि रू 9,24,550.00 (अक्षरी रू0 नौ लाख चौबीस हजार पांच सौ पचपन मात्र) छत्तीसगढ़ संवाद, रायपुर को भुगतान किये जाने की स्वीकृति हेतु कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत ।

# कार्यपरिषद में रखे जाने हेतु संक्षेपिका

**विषय :– सत्र 2009–10 में मुद्रित कोरी उत्तर पुस्तिका मुद्रण की बचत राशि रू. 6,58,660.00 के भुगतान स्वीकृति हेतु ।**

वर्ष 2009–10 की परीक्षाओं के लिए रू. 02.82 प्रति उ0 पु0 के दर से 15 लाख मुख्य एवं रू. 01.88 प्रति उ0पु0 के दर से 30 लाख पूरक उ0पु0 निमार्ण करने हेतु आदेश क्र0 1695/विकास/2009 दि0 18.11.2009 के द्वारा छ0ग0 संवाद को आदेशित किया गया । छ0ग0 संवाद ने 15 लाख मुख्य उत्तर–पुस्तिका एवं 30 लाख पूरक उत्तर पुस्तिका के स्थान पर 26.80 लाख पूरक उत्तर पुस्तिका मुद्रित कर विश्वविद्यालय को आपूर्ति की गई, जिसके मुद्रण की कुल राशि रू. 1,06,58,660.00 होती है । वर्ष 2010–11 के बजट में उ0पु0 निर्माण हेतु रू. 01.00 करोड़ मात्र का बजट प्रावधान किया गया था तथा कार्य परिषद की बैठक दि0 03.07.2010 में पद क्र0 04 पर लिए गये निर्णयानुसार बजट प्रावधान के अंतर्गत रू0 01.00 करोड़ मात्र का भुगतान (रू. 1,06,58,660.00 में से) वि0वि0 के धनादेश क्र0 251978 दि0 13.07.2010 के द्वारा छत्तीसगढ़ संवाद को किया जा चुका है तथा शेष बचत राशि रू. 6,58,660.00 का भुगतान सत्र 2013–14 में उ0पु0 निर्माण हेतु रू. 120.00 लाख के बजट प्रावधान के अंतर्गत छत्तीसगढ संवाद को किया जाना है ।

अतः सत्र 2009–10 हेतु उत्तर पुस्तिका मुद्रण की शेष बचत राशि रू 6,58,660.00 (अक्षरी रू0 छैः लाख अन्ठावन हजार छैः सौ साठ मात्र) के भुगतान की स्वीकृति हेतु कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत ।

[ Rs. in Lacs ]

| NO. | HEAD OF ACCOUNT | ACTUAL 2011-12 | BE 2012-13 | ACTUAL 1.4.2012 30.11.2012 | ESTIMATES 01.12.2012 31.03.2013 | RE 2012-13 | BE 2013-14 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| F. | **EXAMINATION AND EVALUATION ADMINISTRATION** | | | | | | |
| 1 | T.A./C.A to Staff, Teachers & Other Including Members for Examination Work | 24.39 | 72.00 | 17.10 | 54.90 | 72.00 | 72.00 |
| 2 | Contingencies<br>a) Stationery & Printing (including Degree & Exam. form) | 62.41 | 110.00 | 8.50 | 101.50 | 110.00 | 110.00 |
| | b) Answer Book | 75.81 | 250.00 | 49.20 | 100.80 | 150.00 | 120.00 |
| | c) Question Paper Printing | 41.00 | 46.00 | 40.00 | 6.00 | 46.00 | 50.00 |
| | d) Postage and Telephones | 15.10 | 15.00 | 6.00 | 9.00 | 15.00 | 18.00 |
| | e) Misc.Exam. Contingency Transportation, Freights, Refreshment Freights, Refreshment, Petrol/Diesel oil, Books Elimination & Incidental Charges. | 35.12 | 48.00 | 26.85 | 21.15 | 48.00 | 50.00 |
| | f) Purchase of New Furniture. | 5.93 | 12.00 | | | | 12.00 |
| | g) Purchase of New Vehicle | | 15.00 | | 15.00 | 15.00 | 15.00 |
| 3 | Computer hire /result process charges | 32.92 | 72.00 | 36.51 | 35.49 | 72.00 | 75.00 |
| 4 | Remuneration to Officers, Teachers & Office Staff (including revaluation) | 52.85 | 200.00 | 27.09 | 172.91 | 200.00 | 200.00 |
| 5 | Examination Centre Expenditure | 162.90 | 250.00 | 64.20 | 235.80 | 300.00 | 350.00 |
| 6 | Central Valuation | 139.56 | 200.00 | 186.38 | 113.62 | 300.00 | 300.00 |
| 7 | Refund of Exam. Fees. | 0.90 | 4.00 | 0.64 | 3.36 | 4.00 | 5.00 |
| 8 | Development of Computer Centre | 2.09 | 20.00 | | 20.00 | 20.00 | 25.00 |
| 9 | Convocation & Other Function | 9.98 | 15.00 | 0.47 | 14.53 | 15.00 | 20.00 |
| 10 | Const./Extension Of Central Valuation Hall | | 25.00 | | | | 25.00 |
| 11 | Const. of Guest House & Teacher Hostel | | 25.00 | | | | 25.00 |
| 12 | Transfer to Endowment Fund Account | | 10.00 | | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| 13 | Wages for Examination Purpose | 23.54 | 60.00 | 8.10 | 51.90 | 60.00 | 65.00 |
| 14 | Exam / Confdl.Sec. automation & Furniture | | 20.00 | | 20.00 | 20.00 | 20.00 |
| 15 | **Extension of Confidential Section (First Floor)** | | | | | | 30.00 |
| | **TOTAL F** | **684.50** | **1469.00** | **471.04** | **985.96** | **1457.00** | **1597.00** |

# कार्यपरिषद् के समक्ष रखे जाने हेतु संक्षेपिका

**विषय- विश्वविद्यालय स्थापना के 50वीं वर्षगांठ पर विश्वविद्यालय के कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षक/ अधिकारी/कर्मचारियों को प्रदाय किये जाने हेतु स्मृति चिन्ह के स्वरूप का निर्धारण।**

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर **दिनांक 01 मई 2013 से 01 मई 2014** के बीच मनाये जाने वाले **50वीं वर्षगांठ** के अवसर पर सम्मान स्वरूप विश्वविद्यालय में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारियों को यादगार के रूप में **स्मृति चिन्ह प्रदान करने तथा स्मृति चिन्ह के स्वरूप का निर्धारण करने के लिए** विश्वविद्यालय अधिसूचना क्रमांक 7729/सा.प्रशा./समिति-34 दिनांक 13.12.2013 के द्वारा निम्नानुसार समिति का गठन किया गया -

1. डॉ. बी.के. शर्मा, प्रोफेसर, गणित अध्ययनशाला -समन्वयक
2. डॉ. ए.के. पति, प्रोफेसर, जैविकी अध्ययनशाला
3. डॉ. मिताश्री मित्रा, प्रोफेसर, मानव विज्ञान अध्ययनशाला
4. डॉ. आर.पी. दास, प्रोफेसर, प्रबंध अध्ययनशाला
5. डॉ. शैलेन्द्र सराफ, प्रोफेसर, फार्मेसी अध्ययनशाला
6. डॉ. जे.एल. गंगवानी, उपकुलसचिव, सामान्य प्रशासन विभाग
7. डॉ. बी.सी. विश्वास, वित्त नियंत्रक, वित्त विभाग

स्मृति चिन्ह के स्वरूप के निर्धारण हेतु उपरोक्त समिति की बैठक **दिनांक 28.12.2014** में सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया -

(1) स्मृति चिन्ह में 20 ग्राम चांदी का सिक्का हो।
(2) सिक्के के उपर सोने की परत चढ़ाई जावे।
(3) हैवी मेटल की केसिंग इस प्रकार कराई जावे, ताकि सिक्के के दोनो साईड दिखे।
(4) सिक्के के एक साईड में विश्वविद्यालय का मोनो एवं दूसरी साईड में गोल्डन जुबली का मोनो प्रदर्शित हो।

उपरोक्तानुसार प्रतिनग स्मृति चिन्ह के निर्माण में अनुमानित 2000/- (दो हजार रूपये) का व्यय आवेगा। विश्वविद्यालय द्वारा 1000 नग स्मृति चिन्ह निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इस प्रकार कुल व्यय 20 लाख अनुमानित है।

समिति की अनुशंसा कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

D/ Tirath yadav/ Other docx- 850

# कार्यपरिषद् के समक्ष रखे जाने हेतु संक्षेपिका

**विषय :- वाहन चालकों को मोबाईल भत्ता प्रदाय करने के संबंध में राज्य शासन के आदेश क्रमांक 275/एफ-2013-02-00144/वित्त/नियम/चार नया रायपुर, दिनांक 17 जुलाई, 2013 को अंगीकृत करने बाबत्।**

वित्त एवं योजना विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक 275/एफ-2013-02-00144/वित्त/नियम/चार नया रायपुर, दिनांक 17 जुलाई, 2013 के अनुसार राज्य शासन द्वारा नियमित/कार्यभारित/आकस्मिकता स्थापना एवं संविदा पर नियुक्त (दैनिक वेतन भोगियों को छोड़कर) वाहन चालकों को आदेश में उल्लेखित शर्तों के अधीन 200/-(दो सौ रूपये) प्रतिमाह की दर से मोबाईल भत्ता स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया है।

यह भी उल्लेख हैं कि **आदेश माह अगस्त 2013 से प्रभावशील होगा।**

राज्य शासन द्वारा उपरोक्त आदेश को अंगीकृत करते हुए विश्वविद्यालय में कार्यरत वाहन चालकों को राज्य शासन के आदेश में उल्लेखित शर्तों के अधीन 200/-(दो सौ रूपये) प्रतिमाह की दर से मोबाईल भत्ता प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है।

कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

15

**वित्त निर्देश 43/2013**

# छत्तीसगढ़ शासन
## वित्त एवं योजना विभाग
### मंत्रालय
### महानदी भवन, नया रायपुर

क्रमांक 275/एफ-2013-02-00144/वित्त/नियम/चार नया रायपुर, दिनांक 17 जुलाई, 2013

प्रति,

शासन के समस्त विभाग
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, बिलासपुर
समस्त विभागाध्यक्ष
समस्त संभागीय आयुक्त
समस्त जिलाध्यक्ष
छत्तीसगढ़ ।

विषयः-वाहन चालकों को मोबाईल भत्ता प्रदाय करने बाबत् ।

-----

राज्य शासन द्वारा नियमित/कार्यभारित/आकस्मिकता स्थापना एवं संविदा पर नियुक्त (दैनिक वेतन भोगियों को छोड़कर) वाहन चालकों को निम्न शर्तो के अधीन 200 रूपया प्रतिमाह की दर से मोबाईल भत्ता स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया हैः-

1. वाहन चालक के पास स्वयं का 'मोबाईल सेट' एवं 'सिम' होना चाहिए, जिसकी लिखित जानकारी मोबाईल नंबर सहित, स्वीकृतकर्ता अधिकारी को दिया जाएगा ।
2. मोबाईल चालू हालत में होना चाहिए ताकि वाहन के प्रभारी अधिकारी द्वारा आवश्यकतानुसार वाहन चालक से संपर्क स्थापित किया जा सके, अन्यथा प्रभारी अधिकारी की अनुशंसा पर मोबाईल भत्ता बंद/स्थगित किया जा सकेगा ।
3. भत्ते का भुगतान नियमित वैतनिक अवकाश की अवधि में भी किया जाएगा बशर्ते कि निरंतर अवकाश की अवधि 15 दिवस से अधिक न हो ।
4. नियमित स्थापना के वाहन चालकों के मोबाईल भत्ते का आहरण #01 वेतन, 014-अन्य भत्ते मद से तथा आकस्मिकता/कार्यभारित स्थापना के वाहन चालकों के भत्ते आहरण संबंधित कर्मचारी के वेतन आहरण मद से किया जाएगा ।

2/ यह आदेश माह अगस्त 2013 से प्रभावशील होगा ।

(एस0के0 चकवर्ती)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
वित्त एवं योजना विभाग

NayakD:\Documents and Settings\RAJESH\My Documents\VitNerdesh\pdf_2013\Doc File\43.doc

पृष्ठक्रमांक 276/एफ-2013-02-00144/वित्त/नियम/चार/13 नया रायपुर, दिनांक 17 जुलाई, 2013

**प्रतिलिपि:-**

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर ।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय ।
3. सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, नया रायपुर ।
4. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, उच्च न्यायालय बोदरी, पोस्ट ऑफिस-हाई कोर्ट ब्रांच, बिलासपुर (छ0ग0) पिन कोड-495220 ।
5. सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग/मानवाधिकार आयोग/राज्य निर्वाचन आयोग/लोक आयोग, रायपुर ।
6. निज सचिव/निज सहायक, मंत्री/राज्यमंत्री, छत्तीसगढ़, नया रायपुर ।
7. महालेखाकार, छत्तीसगढ़, रायपुर ।
8. मुख्य सचिव के स्टाफ आफीसर, मंत्रालय, नया रायपुर ।
9. प्रमुख सचिव वित्त के स्टाफ आफीसर, मंत्रालय, नया रायपुर ।
10. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, रायपुर ।
11. आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली ।
12. राज्य सूचना आयुक्त, निर्मल छाया भवन, शंकर नगर, रायपुर ।
13. समस्त सचिव/विशेष सचिव/संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी एवं समस्त शाखा, वित्त विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर ।
14. आयुक्त, कोष,लेखा एवं पेंशन, छत्तीसगढ़, रायपुर ।
15. मुख्य लेखाधिकारी, मंत्रालय, नया रायपुर ।
16. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, कोष,लेखा एवं पेंशन, छत्तीसगढ़ ।
17. समस्त कोषालय अधिकारी, जिला/सिटी कोषालय, छत्तीसगढ़ ।
18. समस्त प्राचार्य, लेखा प्रशिक्षण शाला, रायपुर/बिलासपुर, छत्तीसगढ़ ।
19. संचालक, शासकीय लेखन सामग्री एवं मुद्रण, रायपुर ।
20. समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ ।
21. संचालक, वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, नया रायपुर की ओर वित्त विभाग की बेबसाइट **www.cgfinance.nic.in** में अपलोड करने हेतु ।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
वित्त एवं योजना विभाग

NayakD:\Documents and Settings \RAJESH\My Documents\VitNerdesh\pdf_2013\Doc File\43.doc

-१.

(17)

# कार्यालयीन टीप

(कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 11.02.2014 में रखे जाने हेतु)

**विषय : विश्वविद्यालय कैम्पस एरिया नेटवर्क के वार्षिक रख–रखाव हेतु मेसर्स Key Computers Nagpur को कार्यादेश जारी के संबंध में विचार करना।**

**टीप** : विश्वविद्यालय कैम्पस एरिया नेटवर्क के वार्षिक रख–रखाव के लिए दिनांक 23.11.2013 को निविदा क्र. 1420/CSc/2013 एवं निविदा सूचना नं. 1421/CSc/2013 दिनांक 23.11.2013 को जारी किया गया था, जिसकी निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16.12.2013 थी, उक्त तिथि तक एक निविदा मेसर्स Key Computers Nagpur द्वारा प्राप्त हुई थी। ऐसी स्थिति को देखते हुए निविदा जमा करने की तिथि विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुमति लेकर दिनांक 26.12.2013 तक बढ़ाई गई थी। तब 26.12.2013 तक एक निविदा कम्प्यूटेक केयर, रायपुर द्वारा प्राप्त हुई थी, उपरोक्त दोनों निविदा को विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुमति लेकर दिनांक 27.12.2013 को डी.सी.डी.सी. कक्ष में खोला गया।

उपरोक्त दोनों फर्मों को पात्र पाया गया एवं न्यूनतम दर के आधार पर मेसर्स Key Computers Nagpur को रू. 7,96,680=00 (सात लाख छियानबे हजार छः सौ अस्सी) with including service, VAT/CST Tax में एक वर्ष दिनांक 01.01.2014 से 31.12.2014 तक के लिए विश्वविद्यालय कैम्पस एरिया नेटवर्क के वार्षिक रख–रखाव कराये जाने की अनुशंसा की गई एवं केन्द्रीय क्रय समिति द्वारा दिनांक 21.01.2014 को अनुशंसा की गई।

विश्वविद्यालय कैम्पस एरिया नेटवर्क के वार्षिक रख–रखाव हेतु मेसर्स Key Computers Nagpur को कार्यादेश एक वर्ष, दिनांक 01.01.2014 से 31.12.2014 तक के लिए जारी किये जाने हेतु कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

05/2/2014

***

# कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 17.12.2013 का पालन प्रतिवेदन

| क्र. | विषय | निर्णय | पालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| 01 | विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.10.2013 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना। | विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.10.2013 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गई। | |
| 02 | विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.10.2013 बैठक के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन सूचनार्थ पटल पर प्रस्तुत किया जाएगा। | विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.10.2013 के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन निम्नलिखित निर्णय के साथ सूचना ग्रहण की गई :<br>1. कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 03.07.2010 में लिए गए निर्णयानुसार आफसेट प्रिंटिंग मशीन क्रय की कार्यवाही किया जावे।<br>2. बैठक दिनांक 07.08.2010 अध्यक्ष की अनुमति से विषय क्रमांक–4 में निर्णय लिया गया था कि विश्वविद्यालय में भी जल संवर्धन तथा वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए बजट से चार–पांच भवन चिन्हित कर ली जावे। तत्संबंध में निर्णय लिया गया है कि विश्वविद्यालय परिसर में वॉटर हार्वेस्टिंग की दृष्टि से जो क्षेत्र पानी के भंडारण के लिए उपयुक्त है, उसका चयन करते हुए तालाब निर्माण किया जावे।<br>3. कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 26.02.2011 पूरकसूची विषय क्रमांक–7 में डिजिटल प्रिंटिंग मशीन क्रय किये जाने का निर्णय लिया गया था, जिस पर पुनः विचार किया गया कि यह मशीन गोपनीय विभाग के लिए ज्यादा उपयोगी नहीं है, अतएव इस पर कार्यवाही नहीं की गई। अतः निर्णय निरस्त किया जाता है। | **1. प्रक्रिया में है।**<br>**2. विश्वविद्यालय परिसर में जल संवर्धन तथा वाटर हार्वेस्टिंग की दृष्टि से तालाब के लिए जे.बी.सी. मशीन से खुदाई हेतु दरें प्राप्त की गई है।**<br>**भू–विज्ञान विभाग को तालाब खुदाई–स्थान चिन्हाकिंत किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।** |
| 03 | मुख्य परीक्षा 2014 के लिये परीक्षा केन्द्रों की सूची बी.एड./एम.एड./बी.पी.एड./एम.पी.एड. पाठ्यक्रम 2014 के लिये निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूची सेमेस्टर परीक्षा (स्नातकोत्तर) सत्र 2013–14 के लिए परीक्षा केन्द्रों की संशोधित सूची कार्यपरिषद् के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत। | मुख्य परीक्षा 2014 के लिए परीक्षा केन्द्रों की सूची बी.एड./एम.एड./बी.पी.एड./एम.पी.एड. पाठ्यक्रम 2014 के लिए निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूची, सेमेस्टर परीक्षा (स्नातकोत्तर) सत्र 2013–14 के लिए परीक्षा केन्द्रों की संशोधित सूची की सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया। | **निर्धारित परीक्षा केन्द्र की सूची अनुमोदन के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।** |
| 04 | पुस्तक क्रय हेतु 25,03,304/– रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति पर विचार करना। | 12वीं पंचवर्षीय योजना में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त अनुदान राशि में से पुस्तक, शोध–पत्रिका क्रय हेतु रुपये 25,03,304.00 की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। | **पुस्तकों के क्रय हेतु कार्यवाही की जा रही है।** |
| 05 | NCNR प्रोजेक्ट हेतु रु. 20,000/– इम्प्रेस्ट राशि की सूचना ग्रहण करना। | NCNR प्रोजेक्ट हेतु रुपये 20,000.00 (रुपये बीस हजार मात्र) इम्प्रेस्ट राशि की सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया। | **प्रोजेक्ट समन्वयक द्वारा आहरित कर ली गई है।** |

D:\back\shital\MEETINGS\karya-prishad\palan-prativedan-e.c\12_karya-palan-17-12-13.doc

| क्र. | विषय | निर्णय | पालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| 06 | डॉ. बी.कामेश्वर राव, आचार्य, स्वामी विवेकानंद स्मृति तुलनात्मक धर्म, दर्शन एवं योग अध्ययनशाला के द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हेतु प्राप्त आवेदन दिनांक 05.09.2013 पर विचार करना। | डॉ. बी.कामेश्वर राव, आचार्य, स्वामी विवेकानंद स्मृति तुलनात्मक धर्म, दर्शन एवं योग अध्ययनशाला के द्वारा दिनांक 31.12.2013 से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हेतु प्राप्त आवेदन दिनांक 05.09.2013 के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 01.11.2013 को प्राप्त प्रपत्र 28 को स्वीकार करते हुए दिनांक 31.12.2013 से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। | **निर्णयानुसार स्वैच्छिक सेवानिवृत्त आदेश क्रमांक 7928/स्था/सा.प्रशा./2013 दिनांक 30.12.2013 जारी किया गया है।** |
| 07 | विश्वविद्यालय के 90 प्रतिशत प्रत्याशित पेंशन प्राप्त कर रहे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दिनांक 01.07.2013 से 80 प्रतिशत के स्थान पर पेंशन/परिवार पेंशन का 90 प्रतिशत महंगाई राहत की दर, छत्तीसगढ़ राज्य शासन के अनुरुप प्रदान करने के संबंध में विचार करना। | विश्वविद्यालय के 90 प्रतिशत प्रत्याशित पेंशन प्राप्त कर रहे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दिनांक 01.07.2013 से 80 प्रतिशत के स्थान पर पेंशन/परिवार पेंशन का 90 प्रतिशत महंगाई राहत दर छत्तीसगढ़ शासन के अनुरुप प्रदान करने हेतु अनुमोदन किया गया। | **निर्णयानुसार आदेश क्र. 42/सा.प्रशा./महंगाई/41/2014 दिनांक 02.01.2014 जारी किया गया है।** |
| 08 | पी–एच.डी. शोध–प्रबंधों की डिजिटाईजेशन कार्य के लिए राशि रुपये 8.00 लाख की सक्षम प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने पर विचार करना। | पी–एच.डी. शोध–प्रबंधों के डिजिटाईजेशन कार्य के लिए राशि रुपये 8.00 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। | **भुगतान स्वीकृति हेतु नस्ती भेजी जा रही है।** |
| 09 | भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सेन्ट्रल जोन के कुलपतियों की आयोजित बैठक दिनांक 04 एवं 05 दिसंबर, 2013 में कार्यपरिषद् की ओर से कुलपति द्वारा स्वीकृत अनुमानित व्यय राशि रुपये 10,60,000.00 (रुपए दस लाख साठ हजार मात्र) सूचनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत। | भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सेंट्रल जोन के कुलपतियों की आयोजित बैठक दिनांक 4–5 दिसंबर, 2013 के लिए कार्यपरिषद् की ओर से कुलपति द्वारा स्वीकृत अनुमानित बजट राशि रुपये 10,60,000.00 (रुपए दस लाख साठ हजार मात्र) की सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त अनुदान/वित्तीय सहायता के उपरांत विश्वविद्यालय की ओर से जो व्यय होगा, उसकी स्वीकृति प्रदान की गई। | **सेंट्रल जोन के कुलपतियों की बैठक सम्पन्न हुई।** |
| | **अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण** | | |
| 01 | विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 16.12.2013 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार करना। | विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 16.12.2013 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। | **निर्णयानुसार कार्यवाही की गई।** |
| 02 | वार्षिक परीक्षा 2013–14 के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षा आवेदन फार्म मुद्रण कार्य का देयक राशि रु. 43,30,000.00 (रुपये तिरालीस लाख तीस हजार मात्र) के भुगतान की स्वीकृति पर विचार करना। | वार्षिक परीक्षा 2013–14 के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षा आवेदन फार्म मुद्रण कार्य का देयक राशि रुपए 43,30,000.00 (रुपए तिरालीस लाख तीस हजार मात्र) की स्वीकृति प्रदान की गई। | **भुगतान की कार्यवाही की गई।** |

| क्र. | विषय | निर्णय | पालन प्रतिवेदन |
| --- | --- | --- | --- |
| 03 | विश्वविद्यालय के शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को पारिश्रमिक तय सीमा राशि रुपये 30,000/– से मुक्त रखने पर विचार करना। | हिंदी, अंग्रेजी, पर्यावरण, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र विषय के साथ–साथ कम्प्युटर विषय में शिक्षकों की कमी है। अतः विशेष प्रकरण मान्य करते हुए उक्त विषयों के लिए प्रत्येक सत्र में प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक प्रश्नपत्रों के प्रश्नपत्र रचना एवं मूल्यांकन के पारिश्रमिक की गणना अलग–अलग करते हुए प्रत्येक के लिए अधिकतम पारिश्रमिक रुपए 35,000.00 (रुपए पैंतीस हजार) करने हेतु अनुमोदन किया गया। इसके साथ–साथ परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पारिश्रमिक की अधिकतम सीमा में निर्णय करने हेतु कुलपति को अधिकृत करने संबंधी प्रस्ताव समन्वय समिति में भेजी जावे। | **निर्णय के परिपालन में 13042/अका./2014 दिनांक 04.01.2014 जारी किया जा चुका है।** |
| 04 | स्नातक प्रथम वर्ष परीक्षा की आवेदन फार्म को ऑनलाईन के माध्यम से भराये जाने के संबंध में गेटवे पेमेंट हेतु Bill Desk से अनुबंध किये जाने की जानकारी सूचनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत। | स्नातक प्रथम वर्ष परीक्षा की आवेदन फार्म को ऑनलाईन के माध्यम से भराये जाने हेतु Bill Desk से गेटवे पेमेंट के लिए अनुबंध किये जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि प्रथमतः अनुबंध 03 वर्ष के लिए किया जावे तथा कार्य संतोषजनक होने पर दोनों पक्षों की सहमति से एक–एक वर्ष वृद्धि करते हुए अधिकतम पांच वर्षों तक अनुबंध जारी रखा जावे। | **ऑन लाईन से परीक्षा फार्म भराया गया।** |
| 05 | | Indian Institute of Public Administration, New Delhi (IIPA) एवं India International Centre, New Delhi (IIC) से संस्थागत सदस्यता के लिए आवेदन करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। | **IIC से संस्थागत सदस्यता हेतु आवेदन किया गया है। IIPA से कार्यवाही होना शेष है।** |
| 06 | | कार्यपरिषद् के समक्ष डॉ. जीवन यदु 'राही', प्राध्यापक, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ द्वारा रचित कुलगीत के लिए इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ द्वारा बनाई गई धुन (Music) प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। | **अधिसूचना क्र. 387/सा.प्रशा./कुलगीत–562014 दिनांक 22.01.2014 के द्वारा समस्त विभागों को सूचित किया गया है कि भविष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कुलगीत का प्रसारण सुनिश्चित किया जाए।** |
| 07 | | कुलपति द्वारा सभी सदस्यों को अवगत कराया गया कि प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला द्वारा "नागार्जुन दर्शन" (Philosophy of Nagarjuna) विषय पर दिनांक 13–15 जनवरी, 2014 को राष्ट्रीय सेमीनार आयोजित है, जिसके मुख्य अतिथि, नोबल पुरस्कार से सम्मानित धर्मगुरु दलाई लामा होंगे। सेमीनार में Central University of Tibbaten Sarnath से रु. 3,00,000.00 (रुपए तीन लाख) एवं छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड से रुपए 4,00,000.00 (रुपए चार लाख) वित्तीय सहायता प्राप्त होगा। पूरे कार्यक्रम में अनुमानित व्यय रु. 9,00,000.00 (रुपए नौ लाख) होगा। स्वर्ण जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम पर सभी सदस्यों द्वारा विचार | **निर्णयानुसार सेमीनार आयोजित किया गया।** |

| क्र. | विषय | निर्णय | पालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| | | व्यक्त किया गया कि नोबल पुरस्कार से सम्मानित धर्मगुरु दलाई लामा की उपस्थिति विश्वविद्यालय के छात्रों/शिक्षकों के साथ–साथ छत्तीसगढ़ के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि एवं गर्व का विषय है। कार्यपरिषद् के द्वारा सेमीनार के लिए अनुमानित व्यय राशि रुपए 9,00,000.00 (रुपए नौ लाख) का अनुमोदन किया गया। | |
| 08 | | International Accreditation Organization IAO के द्वारा जनवरी में प्रस्तावित दौरा की सूचना ग्रहण की गई। | स्क्रीनिंग समिति गठित कर दी गई है, कार्यवाही जारी है। |
